षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-17.07.2019 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री राजेश कुमार, स०वि०स० श्री सदानंद सिंह, स०वि०स० श्री अवधेश कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अमीत कुमार, स०वि०स० श्रीमती अमिता भूषण, स०वि०स० श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स०	बिहार सरकार की बहुप्रचारित-महत्वाकांक्षी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को यूनिवर्सिटी या दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के कमीशन एजेंटों (दलालों) ने कमाई का जरिया बना लिया है । इस कार्ड से 4 लाख रूपये तक का शिक्षा ऋण पाने वाले छात्रों को फांसकर ऐसी यूनिवर्सिटी या संस्थानों में भी एडमिशन कराया गया, जहां न तो तय मानक का इंफ्रास्ट्रक्चर है और न ही एडमिशन की पारदर्शी प्रक्रिया जिससे तय सीट से ज्यादा संख्या में एडमिशन हुआ । जांच में ऐसे 4100 छात्रों का पता चला है, जो सरकार से लोन लेकर दलालों के कॉकस में फंसे हैं । सरकार ने इन छात्रों के नाम पर यूनिवर्सिटी को करीब 3 करोड़ रूपये दिए लेकिन जब बात खुली तो सरकार ने इन 4100 छात्रों का भविष्य अधर में लटका दिया है । अत: स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड में संलिप्त दलालों एवं 3 करोड़ हड़पने वाले पर कार्रवाई करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	शिक्षा

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-18/19- 859 / वि०स०, पटना, दिनांक-16 जुलाई, 2019 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16/7/19
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-18/19- 859 / वि०स०, पटना, दिनांक-16 जुलाई, 2019 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

16/7/19
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।